### वन ट्रिलियन डॉलर के लिए इस साल 33 लाख करोड़ का देश-विदेश से निवेश लाने का लक्ष्य

# यूपी में निवेश के लिए न्यूयार्क से लेकर पेरिस-लंदन तक रोड शो

**तैयारी**

■ अजित खरे

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश ने अब 33 लाख करोड़ रुपये के देशी-विदेशी निवेश लाने का टारगेट तय किया है। वन ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था पाने की मुहिम में यूपी सरकार अब नए तैयारी कर रही है। निवेश परियोजनाओं को अंजाम तक पहुंचाने के लिए बनी संस्था इन्वेस्ट यूपी में बदलाव कर उसकी भूमिका और बढ़ा दी गई। पहली बार सेक्टर के हिसाब से न्यूयार्क, पेरिस, लंदन से लेकर सिंगापुर टोक्यो तक 19 विदेशी शहरों में रोड शो होंगे। इसके अलावा देश के 8 महानगरों में भी इनके कार्यक्रम तय कर दिए हैं। अगले साल वैश्विक निवेशक सम्मेलन से पहले सरकार इन्वेस्ट यूपी के दिल्ली, मुंबई व बंगलुरू में नए कार्यालय खोलेगी।

**19 विदेशी महानगरों के अलावा मुंबई व चेन्नई में भी रोडशो :** यूपी सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय रोड शो के लिए स्थान व फोकस सेंटर तय कर दिए हैं। टोरंटो, सैन फ्रांसिस्को, न्यूयार्क वाशिंगटन, जाकर यूपी वेंचर कैपिटल, हेल्थकेयर, एयरोस्पेस कंपनियों से बात करेगा। देश के महानगरों में अहमदाबाद में अगस्त में रोड शो होगा। यहां यूपी के अधिकारी सोलर पीवी माड्यूल्स व चिकित्सा शिक्षा में निवेश लाने पर खास जोर देंगे। मुंबई में पहले मई में टेक्सटाइल निवेशकों से व दिसंबर में लॉजिस्टिक व वेयरहाउसिंग कंपनियों से निवेश पर चर्चा होगी। बंगलुरू में पहला रोड शो डिफेंस सेक्टर पर जुलाई में व इलेक्ट्रानिक्स एवं सेमी कंडक्टर पर सितंबर को रो शो होगा। दिल्ली में पहला रोड शो प्लेज पार्क पर अगस्त में व खाद्य प्रसंस्करण पर सितंबर पर रोड शो होगा। कोलकाता रोड शो 15 सितंबर के बाद होना है। हैदराबाद में ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर में निवेश पर संभवतः इसी महीने रोड शो हो सकता है। चेन्नई पहला रोड शो 27 व 28 जून को ऑटोमोबाइल एवं ईवी पर होगा।



**19** विदेशी शहरों में पहली बार सेक्टर के हिसाब से रोड शो होंगे

**100** करोड़ का निवेश लाने का 2027 तक लक्ष्य तय

■ सरकार इन्वेस्ट यूपी के दिल्ली, मुंबई व बंगलुरु में नए कार्यालय खोलेगी

## 2500 निवेश परियोजनाओं की नींव रखेंगे

यूपी सरकार पांचवी ग्राउंड ब्रेकिंग सेरमनी के जरिए 2500 निवेश परियोजनाओं की नींव रखेगी। इसके जरिए पौने दो लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश जमीन पर आ सकेगा। यह मेगा इवेंट इस साल सर्दियों में करने की तैयारी है। सरकार ने इस आयोजन में ज्यादा से ज्यादा निवेश परियोजनाओं का शिलान्यास कराने के लिए जमीन आवंटन का काम तेज कराने के निर्देश दिए हैं।

## जापान में पेश होगा इन्वेस्टर्स समिट- 26 का खाका

जापान के प्रमुख औद्योगिक शहर ओसाका में इस साल 9 मई से 16 मई तक वर्ल्ड एक्सपो होने जा रहा है। यूपी ओसाका में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-26 जैसी मेगा इवेंट का सिंहवालोकन पेश करेगा। इसके जरिए 88 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव लाने की तैयारी है। इसमें यूपी लखनऊ में होने वाली दूसरी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट- 26 के लिए आमंत्रित करेगा। इस आयोजन की तारीख व अन्य कार्यक्रम बाद में तय होंगे। पहली ग्राउंड ब्रेकिंग जुलाई 2018 में हुई। 2018 से अब तक हुए निवेश में 38 प्रतिशत परियोजनाएं चालू हो गईं।